**Administration of**
**Dadra & Nagar Haveli,**
**(Department of Technical Education)**
**Dr.B.B.A.Govt.Polytechnic,**
**Karad (D.P.)-396240**

**No.VII/Admission/(18)/2009-II/1371** **Date:08/09/2017**

# ADMISSION NOTICE (2017-18)

## Spot Admission for Vacant seats

The spot Admission for the vacant seats of Diploma courses of Engineering , will be conducted for the academic year 2017-18 as follows

**1.Details of Vacant seats in Different Engineering Courses and schedule of spot Admission:**

| Sr.No. | Courses | Total seats | Total seats verified/filled | Vacant seats | Schedule of Spot Admission | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | From | To |
| 01 | Mechanical Engineering | 90 | 88 | 02 | 15/09/2017 | 16/09/2017 |
| 02 | Civil Engineering | 60 | 49 | 11 | 15/09/2017 | 16/09/2017 |
| 03 | Textile Manufacturing Technology | 60 | 31 | 29 | 15/09/2017 | 16/09/2017 |
| 04 | Electronics & Communication Engg | 30 | 22 | 08 | 15/09/2017 | 16/09/2017 |

**2. A.** The Online Application form and prospectus may be obtained from the website www.drbbagpks.org .

**B.** Hard copy(print out of filled online admission form),photocopy of Certificates to be attached as given in the prospectus at page No.12(item no.18) can be submitted at the time of spot admission in the Office of the Institute with a Demand Draft(Dena Bank,State Bank of India and Bank of Baroda) of Rs.100/- in favour of " **The Principal, Dr.B.B.A. Govt. Polytechnic,Karad(D.P.)**" payable at Silvassa)

**C.** Applicant should bring their Original 10th Marksheet and Leaving Certificate for spot admission. Applicants have to pay the Admission fees after admission is confirmed.

**Incomplete application form will not be considered for admission.**

This issue with the approval of the Hon'ble Secretary Education, DD and D&NH vide dated: 07/09/2017.

Principal,
Dr.B.B.A.Govt.Polytechnic, Karad (D.P.)
Dadra & Nagar Haveli
Silvassa

NO.IP/DNH/307/2017
Silvassa Dt:8/9/2017

दमण-दीव एवं दानह प्रशासक का पारदर्शी प्रशासन देने की दिशा में एक और अभिनव प्रयास

# प्रफुल पटेल के निर्देश पर सरकारी वाहनों में लगाये जा रहे है जीपीएस यंत्र

**■ जीपीएस लगने से सरकारी वाहनों के दुरुपयोग एवं व्यक्तिगत उपयोग पर लगेगी रोक ■ प्रशासक के मार्गदर्शन में दमण परिवहन विभाग ने सरकारी वाहनों में जीपीएस सिस्टम लगाने का कार्य किया शुरू**

असली आजादी ब्यूरो, दमण 8 सितंबर। संघ प्रदेश दमण-दीव एवं दादरा नगर हवेली के प्रशासक प्रफुल पटेल ने जनता को पारदर्शी शासन देने की दिशा में एक और पहल की है। जिसके तहत अब सरकारी वाहनों को जीपीएस प्रणाली से लैश किया जा रहा है। इससे सरकारी वाहनों के दुरूपयोग और व्यक्तिगत उपयोग को रोका जा सकेगा। प्रशासक के मार्गदर्शन में दमण परिवहन विभाग ने सरकारी वाहनों में जीपीएस सिस्टम लगाने का कार्य शुरू किया है। इसके तहत 25 प्रतिशत वाहनों में जीपीएस सिस्टम लगा दिये गये हैं और शेष बचे वाहनों में यह सिस्टम लगाये जाने का कार्य प्रगति पर है, जिसे एक सप्ताह में पूरा कर लिया जाएगा। सरकारी वाहनों में जीपीएस सिस्टम लगाये जाने से वाहन का लाइव ट्रैकिंग संभव हो सकेगा। इस प्रणाली के लगाये जाने से वाहन की गतिविधि पर भी ध्यान रख पाना संभव हो सकेगा। इसके दुरूपयोग एवं व्यक्तिगत उपयोग को भी प्रभावी तरीके से रोका जा सकेगा। अगर सरकारी वाहन दमण की सीमा क्षेत्र से बाहर जाएंगे तो उसपर भी निगरानी रखी जा सकेगी। संघ प्रदेश के



प्रशासक प्रफुल पटेल शुरु से ही पारदर्शी प्रशासन के प्रबल पक्षधर रहे हैं। इस दिशा में उनका यह निर्णय निश्चय ही प्रशासनिक क्रियाकलापों में पारदर्शिता लाएगा। प्रशासक के मार्गदर्शन में दमण परिवहन विभाग जल्द से जल्द सभी सरकारी वाहनों को जीपीएस सिस्टम से लैस कर देगा।

# सिलवासा में आयोजित ओपन हाउस में 33.50 करोड का दिया गया वैट रिफंड

सिलवासा 8 सितंबर। केन्द्रशासित प्रदेश दमण-दीव एवं दादरा नगर हवेली प्रशासक प्रफुल पटेल के निर्देशानुसार सिलवासा में आयोजित पांचवें ओपन हाउस में संबंधित उद्योगपतियों को 33.50 का वैट रिफंड दिया गया। इस संदर्भ में मूल्य आधारित कर अधिकारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि पांचवें ओपन हाउस में 64 जितने वैट रिफंड मामलों का निपटान किया गया। इसके साथ ही वैट रिफंड ऑर्डर्स एवं वाउचर वैट विभाग द्वारा औद्योगिक ईकाईयों के प्रतिनिधियों को 33.50 करोड रूपए का वैट रिफंड दिया गया।

# करदाताओं के लिए 9 और 10 सितंबर को भी खुला रहेगा दमण वैट/यूटीजीएसटी कार्यालय

■ यूटीजीएसटी कमिश्नर ने करदाताओं को समयावधि में रिटर्न भरने की गुजारिश की ■ नया पंजीकरण और रिटर्न भरने का लाभ उठाये करदाता

असली आजादी ब्यूरो, दमण, 8 सितंबर। दमण के यूटीजीएसटी कमिश्नर ने आज प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि नानी दमण के भेंसलोर उद्योग भवन स्थित वैट/यूटीजीएसटी ऑफिस 9 और 10 सितंबर को विशेष रूप से खुला रहेगा। इस दौरान करदाता जीएसटी के लिए नये पंजीकरण के साथ ही रिटर्न भी भर सकेंगे। इसके अलावा तकनीकी और प्रक्रियात्मक प्रश्नों का भी हल किया जायेगा। जिन करदाताओं ने वैट, सेंट्रल एक्साइज, सर्विस टैक्स से पहले माइग्रेट किया है और जीएसटी में नया पंजीकरण किया है, उन्हें जीएसटीआर-3बी 25 अथवा 28 अगस्त तक भरना जरूरी था, लेकिन पाया गया है कि 7 सितंबर तक जीएसटीआर-3बी के फार्म केवल 78.68 % करदाताओं ने ही भरे है। यूटीजीएसटी कमिश्नर ने बाकी के करदाताओं से निवेदन किया है कि वे अपने-अपने टैक्स रिटर्न समयावधि में जमा करा दे वरना उनके विरूद्ध जीएसटी एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। वस्तुओं और सेवाओं के आपूर्तिकर्ताओं को यह भी बताया गया है कि जिन्होंने जीएसटी एक्ट के तहत पंजीकरण नहीं किया है वे तुरंत ही पंजीकरण करा लें। पंजीकरण नहीं कराने वाले व्यापारियों को चेतावनी दी गई है कि अब तक पंजीकरण नहीं कराने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। पंजीकरण नहीं कराने पर उन्हें बकाया करों की पेनाल्टी और ब्याज समेत भुगतान करना होगा तथा इसके अलावा कुछ मामलों में दंडनीय कार्रवाई भी की जाएगी।

(समाचार का शेष पेज 8 पर)

(पेज 1 का शेष समाचार)

# करदाताओं के लिए 9 और 10 सितंबर को भी खुला रहेगा दमण...

गौरतलब है कि यदि एक भी लेन-देन न हो तो भी शून्य लेन देन के लिये रिटर्न भरना जरूरी है। करदाता यह नोट करें कि जीएसटीआर-1 भरने की अंतिम तिथि 10 सितंबर है, जबकि 7 सितंबर तक केवल 30.11% करदाताओं ने रिटर्न भरे है। अतः सभी करदाता जीएसटीआर-1 रिटर्न 10 सितंबर या उससे पहले फाइल कर दें। जुलाई महिने के जीएसटीआर-2 के लिये तारीख 11 से 25 सितंबर है, जीएसटीआर-3 के लिये 30 सितंबर तक की तारीख है। जबकि अगस्त महिने का रिटर्न भरने के लिये तारीख इस प्रकार है : जीएसटीआर-1 - 5 अक्टूबर तक, जीएसटीआर-2 6 से 10 अक्टूबर तक तथा जीएसटीआर-3 15 अक्टूबर तक भरना आवश्यक है। नियमों का उल्लंघन करने पर जीएसटी एक्ट अनुसार कार्रवाई को आकर्षित करेगा। यूटीजीएसटी कमिश्नर ने आदेश जारी कर 9 और 10 सितंबर को वैट/यूटीजएसटी ऑफिस से संपर्क कर सेवाओं का लाभ लेने की गुजारिश की है।